# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007
Veb. : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phon/Fax : 0522-2740412


संदर्भ संख्या :............................./सम्बद्धता/2020

दिनांक :.........................................

ई–मेल/अत्यावश्यक

## नोटिस

सूच्य है कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी0एड0 2020 का आयोजन किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत बी0एड0 पाठ्यकम में छात्र/छात्राओं का आवंटन किये जाने के लिए आवंटित सीटों के विवरण सहित महाविद्यालयों की सूची प्रेषित की जानी है। सूची प्रेषित किये जाने के समय आवंटित सीटों के अनुरूप मानकानुसार शिक्षकों की उपलब्धता अनिवार्य है, जैसा कि पूर्व में भी विभिन्न कार्यालय ज्ञापों व अन्य माध्यमों से निर्देशित किया जाता रहा है। विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालयों में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित बी0एड0 पाठ्यकम के अनुमोदित/कार्यरत प्राचार्य एवं शिक्षकों की सूची कार्यालय ज्ञाप संख्या : 6870–72, दिनांक 16.03.2020 के द्वारा उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये थे किन्तु अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा सूची उपलब्ध नहीं करायी गयी है।

**अतः पूर्व प्रेषित पत्र दिनांक 16.03.2020 के कम में पुनः निर्देशित किया जाता है कि निम्न प्रारूप पर स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित बी0एड0 पाठ्यकम में कार्यरत शिक्षकों का विवरण इस पत्र के निर्गत होने की तिथि से 08 दिवस के अन्दर उपलब्ध कराने का कष्ट करें अन्यथा कि स्थिति में काउन्सिलिंग हेतु सूची प्रेषित नहीं की जायेगी जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा :–**

| कमांक | पाठ्यकम का नाम | कार्यरत शिक्षकों का नाम | अनुमोदित / अनानुमोदित | आधार कार्ड नं0 | पैन कार्ड नं0 | अनुमोदन पत्र संख्या व दिनांक | कार्यभार ग्रहण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : Af|10039–41 दिनांक : 19|06|2020

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. प्रबन्धक, समस्त समस्त बी0एड0 सहयुक्त महाविद्यालयों को अनुपालनार्थ।
3. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि नोटिस को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं समस्त बी0एड0 महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. गार्ड फाईल।

कुलसचिव